उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1565 **(संवाद–19)** दिनांक /Date.: 18.12.2019

वन दरोगा के 316 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन के संबंध में :–

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सेवायोजन पंजीकरण के संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा जारी नये नियमों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के लिए लागू किये गये आरक्षण को सम्मिलित करते हुये वन दरोगा के 316 पदों के लिए इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आंमत्रित किये जा रहे है। ये सभी पद वन विभाग के है। **वन दरोगा पद के लिए शैक्षिक अर्हता– भारत में विधि द्वारा स्थापित बोर्ड/परिषद् या उत्तराखण्ड राज्य स्थित मान्यता प्राप्त विद्यालय से इण्टरमीडिएट(कृषि अथवा विज्ञान के साथ) अथवा समकक्ष स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य अर्हता निर्धारित की गयी है।**

आयोग की ओर से यह पूर्व में स्पष्ट किया गया है कि अब किसी भी आवेदन पत्र को भरने के पूर्व अभ्यर्थियों को अपना ओ0टी0आर0 (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) भरना अनिवार्य है इसके उपरांत ही अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र भर सकेगें। ओ0टी0आर0 भरे जाने के उपरांत अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भरने में सुगमता होगी।

आवेदन पत्र भरने के लिए अब कॉमन सर्विस सेन्टर (सी0एस0सी0) को भी अधिकृत कर दिया गया है जो अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र व ओ0टी0आर0 भरने में सहयोग करेंगे। ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए न्याय पंचायत स्तर पर कॉमन सर्विस सेन्टर उपलब्ध है। उनके पास फोटो, हस्ताक्षर तथा अंगूठा स्कैन करने व ऑनलाइन शुल्क जमा करने की व्यवस्था भी उपलब्ध है।

आवेदन कर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे अपना OTR User name व Password सुरक्षित रखे। इसी से भविष्य में वे अपना OTR Profile खोल सकेंगे व प्रवेश पत्र आदि डाउनलोड कर सकेंगे।

दिनांक 18.12.2019 से विस्तृत विज्ञापन आयोग वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर अपलोड/प्रसारित कर दिया गया है एवं दिनांक 23.12.2019 से ऑन लाइन आवेदन पत्र भरने की सुविधा आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर उपलब्ध हो जायेगी तब तक अभ्यर्थी अपना ओ0टी0आर0 भर सकते है एवं ओ0टी0आर0 भरने में उन्हें यदि कोई कठिनाई आती है तो उसका भी आयोग द्वारा ससमय समाधान किया जायेगा। इसके लिए टॉल फ्री नं0–6399990138, 6399990139, 6399990140, 6399990141, तथा ईमेल आदि का विवरण आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर अपलोड की गयी विज्ञापन विवरणिका में दिया गया है।

इस बार आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए तथा भर्ती प्रक्रिया को समयबद्व आधार पर पूर्ण करने के लिए लिखित परीक्षा का संभावित समय भी विज्ञप्ति में प्रकाशित किया गया है। यदि कोई विधिक या प्रशासनिक कठिनाई न हुयी तो इन पदों पर लिखित परीक्षा माह अप्रैल, 2020 में प्रस्तावित की गयी है।

सभी अभ्यर्थियों से आयोग यह अपेक्षा करता है कि वे विस्तृत विज्ञापन विवरण को सावधानीपूर्वक भरकर ही ऑनलाइन आवेदन पत्र भरेंगे, अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण आवेदन पर अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है।

18/12

(संतोष बडोनी)
सचिव।

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand
दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाइट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com